# अनुमंडल कार्यालय, सदर आरा, भोजपुर।

## विकास मित्र के रिक्त पदों पर नियुक्ति संबंधी सूचना।

मिशन निदेशक, बिहार महादलित विकास मिशन, बिहार, पटना के पत्रांक– 750 दिनांक– 13.03.2021 एवं पत्रांक– 1272 दिनांक– 02.05.2023 के आलोक में जिला पदाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक– 2256/क0 दिनांक– 10.11.2023 एवं जिला कल्याण पदाधिकारी, भोजपुर, आरा के पत्रांक– 13/क0,दिनांक– 04.01.2025 में अंकित निदेश के अनुपालन में सदर आरा, अनुमण्डल में रिक्त विकास मित्र के पदों पर निर्धारित आरक्षण वर्ग के अनुरूप अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है। विकास मित्र चयन/नियोजन की प्रक्रिया विकास मित्र चयन मार्गदर्शिका के अनुरूप सम्पन्न की जायगी। रिक्त पद एवं आरक्षित वर्ग की स्थिति निम्नवत है :–

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | पंचायत/वार्ड का नाम | रिक्तियों की संख्या | जातिगत बहुलता | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | सदर आरा | हसनपुरा | 01 | मुसहर | पुरूष |
| 02 | सदर आरा | कडारी | 01 | चमार | पुरूष |
| 03 | बड़हरा | सेमरिया पड़रिया | 01 | चमार | अनारक्षित |
| 04 | कोईलवर | सकड्डी | 01 | मुसहर | पुरूष |

चयन हेतु अहर्ता :–

01. आवेदक संबंधित पंचायतों में पूर्व से निर्धारित महादलित परिवार की जाति बहुलता से होंगे।
02. जिला पंचायत में विकास मित्र का चयन किया जाना है, वहीं के निवासी से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्राप्त किया जाएगा।
03. आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष होगी।
04. आयु सीमा– आवेदक का उम्र विज्ञापन की तिथि को न्यनतम 18 वर्ष और अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए।
05. नियोजन की अवधि :– विकास मित्र का नियोजन 60 वर्ष तक कार्य किए जाने हेतु अनुबंध के आधार पर किया जाएगा। विकास मित्र सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे।

आवेदक आवेदन करने के पूर्व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय से अपने पंचायत से महादलित जाति बहुलता जानकारी प्राप्त कर सकतें है। तद्नुसार योग्य अभ्यर्थी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, आरा सदर, कोईलवर एवं बडहरा के कार्यालय में दिनांक– 21.01.2026 से 10.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी बेबसाईट **state.bihar.gov.in/prdbihar** एवं जिला के वेबसाईट पर देखा जा सकता है।